# बच्चों से कराया स्कूल का उद्घाटन

## ब्लेस्ड पब्लिक स्कूल में शाम छह से आठ भी होगी शिक्षक-अभिभावक बैठक

**जागरण संवाददाता, अलीगढ़ :** आम तौर पर किसी संस्थान का उद्घाटन किसी चर्चित चेहरे व शख्सियत से कराया जाता है। लेकिन सोमवार को ब्लेस्ड स्कूल के बच्चों ने प्रबंधक रूबीना शाहीन के साथ ब्लेस्ड पब्लिक स्कूल का उद्घाटन किया। स्कूल के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए प्रबंधक ने नए उपायों से सभी अभिभावकों को अवगत कराया। अभिभावक व शिक्षक बैठक शाम को भी की जाएगी, इससे जो अभिभावक अपने दैनिक कार्यों की वजह से दिन में नही आ पाते, वो भी शाम छह से आठ बजे के बीच आकर बैठक कर सकते हैं। प्रो. अफजाल, नाहिद खान, सायदा, नेहा खान, मो. शारिक, आरिफ हसन, काजी जुबेर मार्शल आर्ट कोच सिराज व सुनील आदि मौजूद रहे।




ब्लेस्ड पब्लिक स्कूल का उद्घाटन करतीं प्रबंधक रूबीना शहीन।

## एएमयू में तीन साल से बंद सीसीएसआइएलसी को सेमिनार के लिए ढाई लाख

# बंद सेंटर के 'मुंह' में डाला खजाना

**जागरण संवाददाता, अलीगढ़ :** एएमयू के जिस सेंटर को इंतजामिया ने तीन साल पहले बंद कर दिया था, आज उसी के नाम पर सेमिनार के लिए बजट जारी किया जा रहा है। सेंटर के तत्कालीन डायरेक्टर के नाम से ही नेशनल काउंसिल फॉर प्रमोशन ऑफ उर्दू लैंग्वेज ने भारी भरकम बजट को मंजूरी दी है। इस रकम से अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।



हम बात कर रहे हैं एएमयू के सेंटर ऑफ कंपरेटिव स्टडीज इन इंडियन लैंग्वेजेज एंड कल्चर (सीसीएसआइएलसी) की। जिसे 15 अप्रैल 2013 को बंद कर डिपार्टमेंट ऑफ मॉर्डन इंडियन लैंग्वेज में समायोजित कर दिया था। सेंटर बंद करने के पीछे तर्क ये दिया गया कि इस सेंटर में अपेक्षाकृत छात्रों की संख्या कम रहती है। कश्मीरी भाषा के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. एमए जरगर को उसी समय डिपार्टमेंट ऑफ मॉर्डन इंडियन लैंग्वेज में ट्रांसफर कर दिया था। तब से सब कुछ सामान्य चल रहा था। नेशनल काउंसिल फॉर प्रमोशन ऑफ उर्दू लैंग्वेज (एनसीपीयूएल) के 9 फरवरी को जारी एक ऑर्डर ने खलबली मचा दी। ऑर्डर में 2015-16 वित्तीय वर्ष में आयोजित होने वाली सेमिनार के लिए देश की कई यूनिवर्सिटी के लिए डेढ़ करोड़ से अधिक रुपये का बजट पास किया है। इसमें ढाई लाख रुपये एएमयू के सेंटर ऑफ कंपरेटिव स्टडीज इन इंडियन लैंग्वेज एंड कल्चर, ट्रांसलेशन सेल, डिपार्टमेंट ऑफ लिंग्विस्टिक के लिए पास किए हैं। प्रो. अली आर फतीही को सीसीएसआइएलसी का डायरेक्टर बताया गया है। इस पर प्रो. फतीही का कहना था कि अब न तो सेंटर ही है और न ही मैं डायरेक्टर। एनसीपीयूएल में मेरे नाम से पूर्व में काम हुए थे, तभी से नाम वहां पर चला आ रहा है। वैसे अभी सेमिनार की तारीख का एलान नहीं हुआ है, जब भी होगी डिपार्टमेंट ऑफ लिंग्विस्टिक के बैनर तले होगी।

**इनका कहना है**



ये सही है कि सेंटर ऑफ कंपरेटिव स्टडीज इन इंडियन लैंग्वेजेज एंड कल्चर बंद हो गया है। हो सकता है कि अभी भी एनसीपीयूएल में सीसीएसआइएलसी के डायरेक्टर के रूप में प्रो. अली आर फतीही का नाम चल रहा हो। जो भी बजट मिलेगा, उससे सफल कांफ्रेंस आयोजित की जाएगी।

– **एस अहमद अली**, सह कुलपति एएमयू

अब हिंदी की खबरें अंग्रेजी में भी पढ़ें
www.jagranpost.com

# एएमयू में बनेगा नैनो टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट

**अलीगढ़ :** शोध के जरिए अपनी पहचान बनाने वाले एएमयू के एप्लाइड फिजिक्स डिपार्टमेंट के अधीन चल रहे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैटेरियल साइंसेज (नैनो मैटेरियल्स) जल्द ही नैनो टेक्नोलोजी डिपार्टमेंट के रूप में जाना जाएगा। इसके लिए यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) को प्रस्ताव भेज दिया है।

यह जानकारी मंगलवार को सह कुलपति एस अहमद अली ने जेएन मेडिकल कॉलेज के ऑडीटोरियम में एप्लाइड फिजिक्स विभाग की ओर से ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी व सीईईआरआइ पिलानी के सहयोग से 'नैनो टेक्नोलॉजी एंड स्टेम ईआर' पर आयोजित चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के समापन समारोह में दी। उन्होंने ओहियो स्टेट विश्वविद्यालय के प्रो. अनिल प्रधान, प्रो. सुल्ताना नाहर का आभार जताया। अध्यक्षता करते हुए कुलपति जमीर उद्दीन शाह ने कहा कि नई तकनीकी क्रांति में एएमयू राष्ट्र का नेतृत्व करेगा। कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को भी अवगत कराया कि किसानों की दुगनी आमदनी में नैनो टेक्नोलॉजी की अहम भूमिका होगी। इस मौके पर एएमयू के चार छात्र-छात्राओं का सुपरवाइजरों संग सम्मान किया गया। ओरल प्रजेंटेशन व पोस्टर प्रदर्शन में कश्मीर की सुविया समद, एएमयू के बिलाल अहमद, निदा रहमान व शिमला विश्वविद्यालय की अनीता को पुरस्कृत किया गया। डॉ. वसी खान ने कांफ्रेंस की रिपोर्ट पेश की। कांफ्रेंस संयोजक प्रो. आलम नकवी ने कुलपति व सहकुलपति का आभार व्यक्त किया। बायो केमिस्ट्री विभाग की अध्यक्ष प्रो. इमराना नसीम, मलिक अनवर अजीम आदि मौजूद रहे। प्रो. अमीर आजम ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कांफ्रेंस में अमरीका के अलावा रूस, चीन, बंग्लादेश, मिस्र के वैज्ञानिकों के अलावा देश भर के दौ सौ से अधिक अतिथियों ने भाग लिया।

### ◆ नैनो टेक्नोलॉजी पर आयोजित कांफ्रेंस का समापन



समारोह में कुलपति जमीर उद्दीन शाह, सह कुलपति एस अहमद अली, प्रो. अनिल प्रधान, प्रो. सुल्ताना नाहर व अन्य।

## सिटी हलचल



कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन देते पार्षद दल नेता अफजाल हमीद व अन्य।

### महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष ने सुनीं समस्याएं

**अलीगढ़ :** समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष सुबुही खान ने समाजवादी दिवस के मौके पर अपने धौर्रा माफी स्थित आवास पर महिलाओं की समस्याएं सुनीं। मिठाइयां बी बांटी। सपा की योजनाओं आदि के बारे में भी अवगत कराया।



महिलाओं की समस्याएं सुनती समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश सचिव सुबुही खान।

### आज बनाएंगे रणनीति

**अलीगढ़ :** मिल्क बार में दिन दहाड़े हुई घटना के विरोध में व्यापारी लामबंद होने लगे हैं। आए दिन व्यापारियों के साथ होने वाली इस तरह की घटनाओं से रोष है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार परिषद के अध्यक्ष भरत अग्रवाल ने बताया कि बुधवार को बैठक बुलाई गई है। होटल आभा रीजेंसी में रात आठ बजे सभी पदाधिकारी व सदस्य आएंगे। इसी बैठक में इस घटना के विरोध की रणनीति बनाई जाएगी।

### दारोगा के अभद्रता करने पर भड़के

**अलीगढ़ :** ऑल इंडिया मजलिसे इत्तिहादुल मुस्लिमीन की बैठक इस्लाम नगर स्थित कैंप कार्यालय पर हुई। जिला महामंत्री सैयद नाजिम अली ने कहा कि सोमवार को छात्रा से कोतवाली इंस्पेक्टर अजय कुमार त्यागी ने स्कूटी को लेकर अभद्रता की। सूचना पर शहर विधानसभा अध्यक्ष उस्मान अली कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली पहुंचे तो इंस्पेक्टर आग बबूला हो गए। दरोगा भी उनसे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी। नाजिम ने कहा कि ऐसे दरोगाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाएगी। बरौली विधानसभा अध्यक्ष साज मोहम्मद ने कहा कि पुलिस प्रशासन सपा के इशारे पर काम कर रही है। ओवैसी के यूपी में सियासी कदम रखने पर प्रदेश सरकार बौखलाई हुई है। इस मौके पर उस्मान अली, कासिफ अली, दानिश, आमिर, फरमान, फईम खान, अजहर अली, दीन मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

### दो सिपाही निलंबित

**अलीगढ़ :** ड्यूटी में शिथिलता व लापरवाही बरतने के आरोप में एसएसपी ने अतरौली थाने के दो सिपाही नीलेश और यमलेश को निलंबित कर दिया है।

## एएमयू की छात्राओं को विप्रो ने दी नौकरी

**अलीगढ़ :** एएमयू के वीमेंस पॉलीटेक्निक की छह छात्राओं का देश की प्रख्यात कंपनी विप्रो ने अपने यहां चयन किया है। यह पहला अवसर है जब वीमेंस पॉलीटेक्निक की छात्राओं का कैंपस भर्ती कार्यक्रम के तहत चयन किया गया है। इन छात्राओं को विप्रो के भर्ती कार्यक्रम सिनेरजी द्वारा जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली में आयोजित भर्ती कार्यक्रम में चयनित किया गया। छात्राओं के चयन पर वीमेंस पॉलीटेक्निक में आयोजित कार्यक्रम में पॉलीटेक्निक की प्राचार्य डॉ. सलमा शाहीन ने कहा कि विप्रो जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में चयन से अन्य छात्राओं का भी मनोबल बढ़ेगा। एएमयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर (जनरल), साद हमीद ने कहा कि चयनित छात्राएं अपने जॉब के साथ बिट्स पिलानी पार्ट टाइम कोर्सेज के जरिए अपनी उच्च शिक्षा को भी जारी रख सकेंगी। उच्च शिक्षा के दौरान विप्रो इन छात्राओं को अध्ययन के खर्चे के अलावा पांच साल तक रहने व खाने की सुविधा भी उपलब्ध कराएगा। वीमेंस पॉलीटेक्निक के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आफीसर जहांगीर आलम ने भी अपनी बात रखी। टीपीसी तारिक अहमद ने अतिथियों का आभार जताया।


**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मैनपुरी**

पत्रांक - 15287-88/2015-16 दिनांक- 15.3.2016

**विज्ञप्ति**

उ.प्र. के बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 29334 विज्ञान/गणित विषय के सहायक अध्यापकों की नियुक्ति हेतु निर्गत शासनादेश संख्या-2651(1)/79-5-12-1(04)/13 शिक्षा अनुभाग 5 लखनऊ दिनांक- 11 जुलाई 2013, शासनादेश संख्या 1682/79-5-2015-1(04)/13 दिनांक-17 जून 2015, शासनादेश संख्या-444/79-5-2016-1(4)/13 दिनांक-23.02.2016 तथा सचिव बेसिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद के पत्राक- बे.शि.प./20189-368/2015-16/दिनांक 26.02.2016 के द्वारा 82 अंक के आधार पर अध्यापक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित/भूतपूर्व सैनिक स्वयं तथा विकलांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को रिट याचिका संख्या-1730 (एम.एस.)/2015, विनय कुमार शर्मा व अन्य बनाम उ.प्र. सरकार व अन्य में पारित अन्तिम आदेशों के अधीन औपबन्धितरूप से सम्मिलित किये जाने तथा रिट याचिका संख्या-6652 (एम.एस.)2014, रिट याचिका संख्या-22993/2015, रिट याचिका संख्या-25130/2015 में पारित आदेशों के क्रम में याची अभ्यर्थियों को जनपद द्वारा घोषित अन्तिम कट ऑफ मेरिट के आधार पर काउन्सिलिंग में दिनांक- 18.01.2016 से 20.01.2016 एवं दिनांक-08.03.2016 से 10.03.2016 को काउन्सिलिंग में उपस्थित हुये है को सूचित किया जाता है कि वह अपने मूल अभिलेख दिनांक-17.03.2016 को कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मैनपुरी में जमा कर दे तथा अर्ह महिला/विकलांग अभ्यर्थी 18.03.2016 को विकल्प प्रस्तुत करने हेतु चयन समिति के समक्ष उपस्थित हो। उक्त तिथियों में मूल अभिलेख जमा न करने पर उनकी नियुक्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

**( हरिकेश यादव )**
जिला शिक्षा अधिकारी, मैनपुरी



**कार्यालय : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर**

पत्रांक: 13854/2015-16 दिनांक:15/3/2016

**विज्ञप्ति**

सचिव उ.प्र. बेसिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद के कार्यालय पत्रांक बे.शि.प./20885-21055/2015-16 दिनांक 03.03.2016 के क्रम में प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सुलतानपुर के कार्यालय पत्रांक डायट/प्रशि. चयन/ 4601-03/2015-16 दिनांक: 14.03.2016 द्वारा जनपद-सुलतानपुर में प्रशिक्षु शिक्षक चयन 2011 में 06 माह का प्रशिक्षण उत्तीर्ण प्रशिक्षु शिक्षकों की उपलब्ध करायी गयी सूची के क्रम में मौलिक नियुक्ति हेतु काउन्सिलिंग **दिनांक 17.03.2016 को प्रात: 10:00 बजे से कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर** पर आयोजित है जिसमें अभ्यर्थी अपने प्रशिक्षण प्रमाण पत्र मूलरूप में एवं स्वप्रमाणित समस्त अभिलेखों की दो सेट छायाप्रतिया, दो लिफाफा रुपया 25/- तथा एक फोटोयुक्त नोटरी शपथ पत्र जो इस आशय का हो कि **'अभ्यर्थी किसी अन्य सेवा में नही है तथा एक फोटोग्राफ के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों।'** जिन अभ्यर्थियों द्वारा अपने मूल अभिलेख अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से किसी भी कार्य के लिए वापस ले जाया गया है, वे अपने मूल अभिलेख **दिनांक 18.03.2016 तक** कार्यालय में उपलब्ध करा दें अन्यथा उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे। यदि अभ्यर्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल पर उपस्थित नहीं होता है तो सम्बन्धित का अभ्यर्थन स्वत: समाप्त हो जायेगा तथा बाद में उनका कोई दावा स्वीकार नहीं होगा।

यह मौलिक नियुक्ति अध्यापक सेवा नियमावली 1981 (अद्यतन संशोधित), अध्यापक सेवा नियमावली 2008 (अद्यतन संशोधित), अन्तर्गत अध्यापक तैनाती नियमावली एवं प्रशिक्षु शिक्षक 2011 के चयन के सम्बन्ध में जारी विभिन्न शासनादेशों के अन्तर्गत होगी। उक्त के क्रम में समस्त महिला एवं विकलांग (पुरुष एवं महिला) अभ्यर्थियों को **दिनांक 18.03.2016 को प्रात: 10 बजे** से **जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर** के कार्यालय में उपस्थित होकर विद्यालय का विकल्प ले सकते हैं। विकलांग अभ्यर्थियों को अपने विकलांग प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होकर विद्यालय का विकल्प लेना होगा यदि वे विकलांग प्रमाणपत्र की छायाप्रति काउन्सिलिंग के समय प्रस्तुत नहीं करते हैं तो उन्हें विद्यालय का विकल्प नहीं दिया जायेगा साथ ही जो महिला एवं विकलांग अभ्यर्थी उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर विद्यालय का विकल्प नहीं लेते है उन्हें नियमानुसार विद्यालय का आवंटन कर दिया जायेगा, जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**सदस्य सचिव जिला तैनाती समिति/**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**सुलतानपुर**



**वैधानिक सूचना**

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तो और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तो को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो दैनिक जागरण के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

प्रबंधक विज्ञापन


### बंद मकान में लाखों की चोरी

**अलीगढ़ :** क्वार्सी के मौलाना नगर में चोरों ने अकबर अली के बंद मकान के ताले तोड़कर लाखों का माल उड़ा लिया। परिवार के लोग रिश्तेदारी में जवां गए हुए थे। पुलिस के मुताबिक अकबर अली की ससुराल रठगांव, जवां में है। ससुराल में किसी की तबियत खराब थी। मकान का ताला लगाकर सभी जवां चले गए। सोमवार देररात चोर ताला तोड़कर 35 हजार रुपये, लाखों के जेवर चोरी कर ले गए। घटना के संबंध में तहरीर दी है।

### दो पेटी शराब पकड़ी

**खैर :** पुलिस ने सोफा चौकी के निकट मंगलवार को कार में ले जाई जा रही दो पेटी हरियाणा मार्का अंग्रेजी शराब सहित एक को गिरफ्तार कर लिया।














दैनिक जागरण में विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9927010084, 9675755500, 05722-235677

